» न्यूज-ब्रीफ

गौ ग्राम कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

मालपुरा (सीमा सन्देश सं)। शहर के सदरपुरा रोड पर स्थित श्री गोपाल गौशाला में बुधवार को चार दिवसीय को ग्राम कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। गौशाला समिति के व्यवस्थापक ओमप्रकाश नामा ने बताया कि गौ ग्राम कार्यकर्ता के निःशुल्क प्रशिक्षण में प्रथम दिन मालपुरा तहसील के 10 स्थानों से आए पुरुष-महिला प्रशिक्षणार्थियों ने गौ आधारित कृषि, जैविक अमृत जल, संजीवनी खाद, फसल वर्धक बीजोपचार व जैविक कीट नियंत्रक के निर्माण का सैद्धांतिक व प्रायोगिक प्रशिक्षण पश्चिम बंगाल से आए प्रशिक्षक सुब्रतो घोष द्वारा दिया गया। अगले तीन दिन अन्य महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण दिया जाऐगा।

राजस्थान नर्सेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष बने प्रदीप चौधरी, लोगों ने किया जगह-जगह स्वागत

टोंक,(सीमा संदेश)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ की मौजूदगी में सर्वसहमति से प्रदीप चौधरी को राजस्थान नर्सेज कर्मचारी यूनियन का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदीप चौधरी इससे पूर्व राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री व राजस्थान प्राईवेट नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रहते हुये कई सामाजिक संघटनों से भी जुड़े रहे है। प्रदीप चौधरी ने कहा कि वो हमेशा नर्सेज की माँगों के लिए उनकी आवाज बनकर उनके हको के लिये संघर्ष करने से पीछे नही रहेंगे। इस मोके पर प्रदेशाध्यक्ष बने प्रदीप चौधरी का पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन सहित कई जगहो पर नर्सेज द्वारा माल्यापर्ण कर स्वागत किया गया।

आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने वाली समस्त मातृशक्ति को नमन : लक्ष्मी जैन

टोंक,(सीमा संदेश)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन टोंक के तत्वाधान में तीन दिवसीय लेडीज विंटर फेयर 2024 का बुधवार को समापन हुआ। इस अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन ने मेले में लगाई गई सभी स्टॉल्स होल्डर्स का उत्साह वर्धन कर विभिन्न उत्पादों की खरीददारी की। वही पूर्व विधायक अजीत मेहता की धर्मपत्नी श्रीमति निर्मला मेहता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी नारायणी का ही रूप है, जिसमें अपार क्षमताएं मौजूद है, लेकिन समाज का कर्तव्य है कि मातृशक्ति को मजबूत उचित एवं सुरक्षित प्लेटफार्म उपलब्ध कराए। संघटन के जिलाध्यक्ष राजीव बंसल ने मातृशक्ति को नमन करते हुए सभी का अभिन्दन किया। शहर अध्यक्ष भगवान भण्डारी ने अग्रवाल समाज टोंक के अध्यक्ष राजेंद्र गौयल एवं मंत्री सुनील आंडरा का निःशुल्क धर्मशाला उपलब्ध कराने पर आभार व्यक्त किया। युवा अध्यक्ष शैलेन्द्र गर्ग ने मातृशक्ति को इस प्रकार के नवाचार करते रहने का आग्रह किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कोटपूतली के अभिकताओं की बुधवार को यूनिट बैठक आयोजित की गई। जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकताओं का माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। विकास अधिकारी एवं शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक बी एल मीणा ने अभिकताओं एवं सभी पॉलिसी धारकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने जीवन पर एलआईसी पॉलिसी लेनी चाहिये। साथ ही एलआईसी का नया प्लान जीवन उत्सव के बारे में बताया। इस दौरान सहायक प्रबंधक रोहित बैरवा, विकास अधिकारी महेंद्र सागर, धर्मेंद्र रायपुरिया, इंशाक खान, सतपाल, मुकेश आर्य, मोहर सिंह कुमावत, नितेश कुमावत, मुकेश फानन, मनोज शर्मा, रत्तिराम सुद, दिनेश राठौड़ समेत सैकड़ों अभिकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश के हर घर तक शुद्ध जल पहुंचेगा : मंत्री कन्हैयालाल

विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

मालपुरा (सीमा सन्देश सं)। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतकर राजस्थान सरकार में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भूजल विभाग के मंत्री बने कन्हैया लाल चौधरी ने मंगलवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ पदभार ग्रहण किया। पीएचईडी व भू जल विभाग के मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात सचिवालय के मंत्रालय भवन में पूजा-अर्चना कर शुभ मुहूर्त में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मालपुरा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचंद जैन, वरिष्ठ भाजपाई राजकुमार जैन एडवोकेट, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री नरेंद्र जैन नीटू, पालिका अध्यक्ष पति मनीष सोनी, राजाराम चौधरी, जगदीश चौधरी, नारायण सिंह आमली सहित अन्य मौजूद रहे।

चौधरी ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात जलदाय विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जलदाय विभाग के मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल ने मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को जानकारी दी। बैठक में मंत्री कन्हैया लाल चौधरी का विभाग के अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि बजट के अभाव में जल जीवन मिशन का काम ठप पड़ा है। केंद्र सरकार का अंश तो उपल4ध है। लेकिन राज्य का अंश नहीं होने से काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जिस पर उन्होंने मुख्यमंत्री से बात करके जल्द बजट लाने का भरोसा दिलाया। बैठक में पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि काम जो भी हो वह क्वालिटी का व गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। बैठक में एपीओ अधिकारियों का मुद्दा भी उठा जिस पर मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एपीओ चल रहे अधिकारियों को जल्द पोस्टिंग दी जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन को ऊपरी पायदान पर लाया जाएगा तथा प्रदेश के प्रत्येक घर-घर में शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाएगा।

गौ सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य: राधा चौधरी

मालपुरा (सीमा सन्देश सं)। उपखंड क्षेत्र के श्री राधा गोपाल गौशाला तिलांजू में मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा पोष बड़ा कार्यक्रम आयोजित गया। जिसमें बतौर अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भूजल विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में राधा देवी चौधरी ने शिरकत की इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा राधा देवी चौधरी का सम्मान किया। राधा देवी चौधरी ने सभी धर्म प्रेमियों का एवं गौशाला समिति का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर राधा देवी चौधरी ने कहा कि गौ माता की सेवा करना एक सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। सनातन धर्म में गौ माता को एक सबसे बड़ा स्थान दिया गया है। हम सबको गौ माता की सेवा करनी चाहिए। वही सदरपुर गांव में स्थित बालाजी के मंदिर में विशाल पोष बड़ा महोत्सव आयोजित किया गया। पोष बड़ा महोत्सव में मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भूजल विभाग के मंत्री कन्हैया लाल चौधरी की धर्मपत्नी राधा देवी चौधरी ने शिरकत की। राधा देवी चौधरी ने बालाजी महाराज के दर्शन कर के प्रदेश व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर पोष बड़ा महोत्सव समिति एवं ग्रामीणों द्वारा राधा देवी चौधरी का दुपट्टा पहनाकर व बालाजी की तस्वीर भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कार्यालय मालपुरा के एडवोकेट अभिषेक पाराशर मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

देवली (सीमा सन्देश सं)। बुधवार को देवली भाजपा शहर मंडल की तरफ से प्रचार प्रसार वाहन लगाया गया है। उक्त वाहन के द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनमानस तक पहुंचाई जाएगी। इस वाहन को शहर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणावत ने मंडल कार्यकताओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रणवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी की गुरुवार को देवली नगर पालिका परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी शिविर आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में जनमानस अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सके इशी उद्देश्य से प्रचार प्रसार वाहन को नगर में घुमाया जा रहा है।उक्त शिविर सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है- कोई भी हकदार, सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए।

कई बार जागरूकता की कमी से, कई बार दूसरे कारणों से कुछ लोग सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे लोगों तक पहुंचना सरकार अपना दायित्व समझती है। इसलिए ये मोदी की गारंटी की गाड़ी गांव-गांव जा रही है।इस मौके पर शहर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणावत, रणवीर सिंह चौहान,यज्ञेश दाधिच,नीरज जैन, मनोज शर्मा,भारत सिंह सोलंकी, महेश दाधीच समेत कई नेता मौजूद रहे।

स्वायत्त शासन विभाग का बड़ा एक्शन

मालपुरा (सीमा सन्देश सं)। कांग्रेस की पूर्व पालिका अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद आशा नामा द्वारा की गई 2020 में सफाई कर्मचारी फर्जी भर्ती को लेकर स्वायत्त शासन विभाग का बड़ा एक्शन लिया। स्वायत्त शासन विभाग जयपुर ने आदेश जारी कर क्षेत्रीय उपनिदेशक स्थानीय निकाय अजमेर को जांच के आदेश दिए। वही पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने बताया कि ऐसे कई मामले प्लाट ट्रांसफर, नियमन, खांचा भूमि, इन सभी मामलों को मय दस्तावेज मुख्यमंत्री व मंत्री को जल्दी अवगत करवाऊंगी भ्रष्टाचारियों को बक्शा नहीं जाएगा।

विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

मालपुरा (सीमा सन्देश सं)। केंद्रीय भेड एवं ऊन अनुसन्धान संस्थान अविकानगर मे बुधवार को विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ अमर सिंह मीना ने बताया कि अविकानगर संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी इंद्रभूषण कुमार द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार मे हिंदी सिनेमा का योगदान विषय पर बहुत शानदार स्लाइड प्रेजेंटेशन अविकानगर के साथ क्षेत्रीय केंद्र बीकानेर, कुल्लू ओर मन्नवनूर आदि के समस्त कर्मचारियों को दिया गया।

उन्होंने बताया कि भारतीय सिनेमा का हिंदी को विश्व पटल पर ले जाकर पहचान दिलाने मे बहुत महत्वपूर्ण योगदान है जिसके कारण आज 90 से अधिक देशो मे हिंदी बोली, देखी ओर सुनी जाती है। विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। निदेशक डॉ अरुण कुमार तोमर द्वारा भी इंद्रभूषण कुमार के प्रेजेंटेशन स्किल की बहुत प्रशंसा की गई तथा बताया कि हिंदी वो भाषा है जो सभी भारतीय को एक दूजे से जोडे हुई है। निदेशक द्वारा इंद्र भूषण कुमार के स्टेटमेंट का भी समर्थन किया कि आने वाले समय मे जिस तेजी से हिंदी को आपनाने, सीखने, सुनने की लोगो की रूचि बढ रही है। निश्चित ही हिंदी सुयुक्त राष्ट संघ की आधिकारिक भाषा का दर्जा भी हासिल करेंगी। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री भी हिंदी की भाषा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का पूरा प्रयास कर रहे है। विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्थान के हिंदी अधिकारी जगदीश प्रसाद मीना एवं प्रशासन का पूरा सहयोग रहा।

अकबर खान ने टोंक की नव-पदस्थापित जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को सोंपा गुलदस्ता

टोंक,(सीमा संदेश सं)। रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक के अध्यक्ष एंव अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने टोंक की नव-पदस्थापित जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से शिष्टाचार भेंट में गुलदस्ता भेंट कर उन्हे बधाई दी। अकबर खान ने जिला कलेक्टर से उम्मीद जताई है कि टोंक जिले के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने के साथ ही वह पीडीतो के न्याय के लिए तत्पर रहेगी।

बड़नगर में लगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर

पावटा (सीमा सन्देश सं)। ग्राम पंचायत बडनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर, विधायक कुलदीप धनकड, जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी, गृह मंत्रालय उप सचिव भारत सरकार दीपक कुमार, प्रधान पूजा चौधरी, उपखण्ड अधिकारी उपस्थित रही।

इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर, विधायक कुलदीप धनखड ने केन्द्र सरकार की योजनाओं से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निकाली जाने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा निश्चित ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि की ओर लेकर जाएगी।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रत्ना कुमारी ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य देश और प्रदेश के प्रत्येक वंचित वर्ग को केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है, भारतीय जनता पार्टी देश और प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र तक सतत विकास को पहुँचा रही है। इस दौरान सभी ने सुशासन की शपथ ली।

एलईडी लगाकर लाइव दिखाया जाएगा रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

- नगर में निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा

देवली (सीमा सन्देश सं)। मंगलवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त 22 जनवरी को होने वाले भव्य कार्यक्रम के विषय में बैठक रखी गई जिसमे नगर में पेट्रोल पंप जयपुर चुंगी नाके से लेकर नगर में सभी खम्बो पर भगवा ध्वज और नगर की सभी दुकानों पर छोटे फ्लेक्स और नगर भगवा झंडी लगाना तय हुआ। वहीं तेलियान मंदिर में भगवा मंच पर बड़ी एल ई डी लगाकर दोपहर 11 बजे से 1बजे तक प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव दिखाया जायेगा।

सत्यनारायण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में बैठने के लिए व्यवस्था कुर्सियों की भी रहेगी एवम उस मंच को गुब्बारों से सजाया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी की सजीव झांकी द्वारा एक विशाल शोभायात्रा नगर में भ्रमण करेगी।

हिन्दू लखेरा युवा मंच का गठन

देवली (सीमा सन्देश सं)। अखिल राजस्थान हिन्दू लखेरा महासभा की गत दिनो जोधपुर मे आयोजित प्रान्तीय बैठक मे युवा मंच का गठन किया गया।महासभा की प्रदेश ईकाई के सदस्य लोकेश लखेरा ने बताया की जोधपुर मे राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट गोवर्धन लखेरा की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित की गई इस दौरान समाज मे युवाओ पीढी को भविष्य के लिये तैयार करने के लिये युवा मंच का गठन किया गया। एडवोकेट गोवर्धन लखेरा द्वारा संगठन के गठन की घोषणा के साथ ही कार्यकारिणी की भी घोषणा सर्वसम्मति की गई जिसमे युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल लखेरा अलीगढ टोंक को मनोनीत किया गया साथ ही संरक्षक आशुतोष लखेरा अजमेर,महामंत्री भरत लाल एडवोकेट जैतारण,कोषाध्यक्ष घनश्याम लखेरा तिवरी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललीत कुमार चौहान जोधपुर,उपाध्यक्ष किशोर लखेरा जालौर,प्रदेश संगठन मंत्री हेमन्त लखेरा कोटा को मनोनीत किया गया। महासभा के प्रदेश महामंत्री रघुवीर लखेरा अजमेर ने नवमनोनीत सभी पदाधिकारियो को पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाई इस मोके पर प्रदेश से सैकडो समाज बन्धु जोधपुर बैठक मे शामिल हुए।

अलीगढ़ के कन्हैया लखेरा युवा महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत

टोंक,(सीमा संदेश)। अखिल राजस्थान हिंदू लखेरा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष गोवर्धन पचेवर द्वारा अखिल राजस्थान हिंदू लखेरा युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष पद पर अलीगढ़ जिला टोंक निवासी कन्हैया लखेरा को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारणी द्वारा युवा प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लखेरा को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

OMKARA
ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

ओमकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
सीआईएन: U67100TZ2014PTC020363
कॉर्पोरेट कार्यालय: -: कोहिनूर स्क्वायर, 4था मंजिल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर पश्चिम, मुंबई 400 028 टेलीफोन: 022-69231111/9967927525

[परिनियम-11 (1) (ख) देखें नियम 8(6) के प्रावधान] अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा आमजन को और विशेष रूप से ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार/बंधककर्ता मैसर्स एमपीएल लिमिटेड और की एक अचिह्नित ऋणि को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभार किया गया है, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा आईएमएसएल फैकर्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 24.03.2017 को ले लिया गया है और फिर दिनांक 26.07.2023 के अशाइनमेंट सम्झौते के माध्यम से, उक्त खाता ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल), सुरक्षित लेनदार को सौंप गया था, ऋण उत्तरोक्ति ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार से सुरक्षित लेनदार, ओमकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की बकाया वसूली के लिए 26.07.2023 के रु. 56,62,00,000/- (रुपये छप्पन करोड़ बासठ लाख मात्र) प्लस 27.07.2023 से आज और अब के लिए जिसे 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'यहां जो कुछ भी है' और 'बिना रिकोर्स' के आधार पर 06.02.2024 को दोपहर 11.00 बजे (सांयिया जमा करने की अंतिम तिथि और समय 05.02.2024 शाम 4.00 बजे तक है) बेचा जाएगा।

ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओमकारा पीएस 09/2023-24 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत) ने आईएकरीएल फैक्टर्स लिमिटेड से अंतर्निहित प्रतिभूति के साथ दिनांक 26.07.2023 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से उपरोक्त ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदारों के खिलाफ पड़े संपूर्ण बकाया ऋण का अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित आस्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल परिसंपत्ति, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा और ज्ञात चार (बीस कोड़ी) का विवरण निम्नानुसार है:

संपत्ति का विवरण
मैसर्स एमपीएल लिमिटेड के स्वामित्व वाले फ्लैट, ग्राम हैदपुर, तहसील तिजारा, भिवाड़ी, जिला अलवर, राजस्थान, भारत में खसरा संख्या 546-ओए,528 में समाविष्ट, भूमि अधिमापन 46543.36 वर्गफीट, ट्रांसफर एसोसिएशन में निर्मित, दो फ्लैट (फिक्सचर, फिटिंग और विद्युत उपकरण शामिल हैं) सहित विशेष रूप से नीचे उल्लिखित है:
संपत्ति संख्या 1:- एमपीएल कोरल ग्रुप, हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, एवेन्यू 3, ऊपरी भूतल, फ्लैट नंबर सीएनजी5, क्षेत्र 2515 स्क्वेयर फीट
आरक्षित मूल्य:- 45,00,000/- ईएमडी:-रुपये 4,50,000/-
संपत्ति संख्या 2:- एमपीएल कोरल ग्रुप, हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, एवेन्यू 3, ऊपरी भूतल, फ्लैट नंबर सीएनजी5, क्षेत्र 2515 स्क्वेयर फीट
आरक्षित मूल्य:- 45,00,000/- ईएमडी रुपये:-4,50,000/-
ई-नीलामी की तिथि:- 06.02.2024 प्रातः 11.00 बजे
न्यूनतम बोली वृद्धि राशि:-रु. 2,00,000/-
भुगतेतारी का बोली पत्र/बयाईमी एनावंज/ईएमडी का प्रमाण जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 05.02.2024 शाम 4:00 बजे तक
कब्जे की स्थिति:- प्रतीकात्मक
ज्ञात देनदारियां/भार:- ज्ञात नहीं

सह प्रकाशन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ताओं के लिए गृह ऋण बिक्री मॉडेल की शर्तें:

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी http://omkaraarc.com/auction.php पर देखें। बोलीदाता वेबसाइट http://www.bankauctions.com पर भी जा सकते हैं या सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड, दूरभाष हेल्पलाइन: +91-7291981124/25/26, हेल्पलाइन ई-मेल - आईडी: support@bankeauctions.com, या श्री भावेश पंड्या, मोबाइल: 8866682937 ई मेल-maharashtra@c1india.com. से संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 11.01.2024
स्थान : मुंबई

इसा/-
प्राधिकृत अधिकारी, कृते ओमकारा असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि.
(ओमकारा पीएस 09/2023-24 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत)

श्रीमद् भागवत कथा राम के नाम का और गाय माता की सेवा का जीवन में महत्त्व बताया

श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को कराया रसपान

पावटा (सीमा सन्देश सं)। कस्बे के रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका (आदर्श विद्या मंदिर) में तरूण समाज के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को कथाव्यास आशीष चतुर्वेदी ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया।

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की। कथाव्यास आशिष चतुर्वेदी के श्रीमद् भागवत कथा की गणेश वंदना विधि विधान से शुभारंभ कराया। छठे दिन व्यास जी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर भजन आज मेरे श्याम का विवाह है। मेरे घर श्याम का विवाह का भजन प्रस्तुत किया।

कथा के मध्य में महेश जी पारीक ने राम के नाम का और गाय माता की सेवा का जीवन में महत्त्व बताया। राम का नाम और गौ सेवा संसार सागर से पार उतरने वाले हैं। 12 जनवरी को सुबह हवन व दोपहर में भजरे